# Item Bank

## कक्षा – 9

### (Middle Level)

## विषय – हिंदी

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्
छत्तीसगढ़, शंकर नगर, रायपुर

# अभ्यास प्रश्न बैंक
## कक्षा – 9, विषय – हिंदी
## (Middle Level)

**निर्देश :- नीचे दिए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर ○ गोला लगाइए-**

प्रकृति सर्वोपरि है और प्रकृति में पाए जाने वाले वायु, पानी, ताप, मिट्टी एवं नमी आदि को ही पर्यावरण कहते हैं। इसमें से किसी एक की कमी होने या अशुद्ध होने से जीवों के जीवन पर सीधा प्रभाव पड़ता है इसलिए वातावरण में इनकी संतुलता बहुत जरूरी है। यह कार्बनिक एवं अकार्बनिक घटक होते हैं। मनुष्य के अतिरिक्त प्रकृति में जितने भी जीव विद्यमान हैं उनका जीवन भी प्रकृति के हिसाब से ही घटता बढ़ता है लेकिन मनुष्य ही ऐसा जीव है जो प्रकृति के नियमों के परे जाकर उसे असंतुलता के तराजू पर खड़ा कर रहा है, जिसका प्रभाव स्वयं के साथ अन्य जीवों को भी प्रभावित कर रहा है।

पर्यावरण के प्रति मानव की पहले अनभिज्ञता तथा बाद में उदासीनता ही उसके प्रदूषण का कारण रही है। मानव ने सिर्फ एकाकी होकर अपने को देखा लेकिन उसके कृत्यों का दूसरे जीवों पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। उसकी परवाह नहीं की। जगह-जगह नालियों में गंदा पानी छोड़ना, कचरा डालना, मरे हुए जानवरों को सड़ने के लिए खुले में छोड़ देना, घाटों पर जलती लाशें, हवा और पानी दोनों को दूषित करती हैं। चिमनियों वाहनों से निकला धुआँ, खाना बनाने में लकड़ी का प्रयोग, भट्ठियों में जलते कोयला इत्यादि से जहरीले गैसें वायु मंडल में समाविष्ट करते रहे व कर रहें हैं।

प्रदूषण मनुष्य की ही देन है और मनुष्य ही इन्हें संतुलन में ला सकता है इसलिए दुनिया के हर इंसान का यह कर्तव्य है कि वे फैलने वाले प्रदूषण को कम करें। इसे सीमित करने के उपायों को प्रयोग में लाएं और प्रकृति के प्रति सजग रहे। उसे हर हाल में प्रकृति को संतुलन में रखना है, तभी इस धरा पर उसका व अन्य जीव जंतुओं का जीवन संभव होगा।

प्रश्न 1. पर्यावरण प्रदूषण का सीधा प्रभाव पड़ता है —

A. जल पर  B. मिट्टी पर
C. वायु पर  D. जीवों के जीवन पर

प्रश्न 2. पर्यावरण में घटक होते हैं-

A. कार्बनिक  B. अकार्बनिक
C. कार्बनिक एवं अकार्बनिक  D. इनमें से कोई नहीं

प्रश्न 3. पर्यावरण प्रदूषण का मुख्य कारक है-

A. वायु  B. पानी
C. ध्वनि  D. मानव


प्रश्न 4. पर्यावरण प्रदूषण का कारण नहीं है-

A. वाहनों से निकलने वाला धुआँ।  B. जल में जहरीले पदार्थों को छोड़ा जाना।
C. कचरों का उचित निपटान।  D. मरे हुए जानवरों को खुले में छोड़ना।

प्रश्न 5. जीव जंतुओं का जीवन सुरक्षित रह सकता है -

A. पर्यावरण में प्रदूषण को बढ़ावा देकर  B. पर्यावरण में स्वच्छता को बढ़ावा देकर
C. जहरीली गैसों का अधिकाधिक प्रयोग करके  D. पर्यावरण के प्रति उदासीन बनकर

निर्देश :- नीचे दिए गए पोस्टर को देखें और प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाए-




प्रश्न 6. 'अन्तर्राष्ट्रीय साक्षरता' दिवस मनाया जाता है -

A. 8 मार्च | B. 8 सितम्बर
C. 28 जून | D. 23 सितम्बर

प्रश्न 7. साक्षरता से क्या मिटेगा ?

A. ज्ञान का उजाला | B. ज्ञान का अँधेरा
C. अज्ञान का अँधेरा | D. अज्ञान का उजाला

प्रश्न 8. 'साक्षरता' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन-सा है?

A. ता | B. आ
C. सा | D. स

प्रश्न 9. शिक्षा की ओर पहला कदम है -

A. साक्षरता | B. पढ़ाई
C. शिक्षा | D. ज्ञान

प्रश्न 10. 'प्रकाश' का अर्थ है -

A. अज्ञान | B. उजाला
C. कदम | D. साक्षरता

निर्देश :- सूचना के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-

यात्रा कार्यक्रम की सूचना

दिनांक - 14/11/2023-
स्थान-छछानपैरी

यात्रा हेतु सभी बच्चे 15/1212023 को प्रातः के नौ बजे तक रायपुर रेलवे स्टेशन पर पहुँचें। रायपुर से डोंगरगढ़ जाने वाली रेलगाड़ी रायपुर स्टेशन पर प्रातः ठीक दस बजे पहुँचेगी। सभी बच्चे रेलगाड़ी में शिक्षकों के साथ बैठेंगे। रेलगाड़ी में खिड़की से अपने शरीर का कोई भी अंग बाहर न निकालें। सभी को शिक्षकों के निर्देशों का पालन करना जरूरी है। दिनांक 16/11/2023 को यात्रा की वापसी होगी। सभी बच्चे अपने साथ एक दिन का भोजन, एक चादर, पानी की बोतल, दो जोड़ी पहनने के कपड़े साथ लेकर आएँ।

प्रधानाध्यापक
शासकीय पूर्व मा. शा.
छछानपैरी (छ.ग.)

प्रश्न11. यह सूचना किस बारे में है?

A. छुट्टी के विषय में।
B. यात्रा के विषय में।
C. परीक्षा के विषय में।
D. खेल के विषय में।

प्रश्न12. खिड़की से शरीर का कोई अंग बाहर क्यों नहीं निकालना चाहिए?

A. खिड़की टूट जाएगी।
B. खिड़की खराब हो जाएगी।
C. शरीर काला पड़ सकता है।
D. अंगों को चोट लग सकती है।

प्रश्न13. किस वाक्य में 'चादर' का शुद्ध बहुवचन शब्द प्रयोग किया गया है?

A. वह बाजार से चादरें खरीद कर लाया।
B. वह बाजार से चादर खरीद कर लाया।
C. वह बाजार से चादरा खरीद कर लाया।
D. वह बाजार से चादरी खरीद कर लाया।

प्रश्न14. छात्र किसके साथ यात्रा पर जा रहे है?

A. अपने माता-पिता के साथ
B. अपने शिक्षकों के साथ
C. अपने रिश्तेदारों के साथ
D. अपने प्रधानाध्यापक के साथ

प्रश्न15. यात्रा में ले जाने वाले सामान की कौन-सी सूची सही है?

A. चादर, कपड़े, टार्च
B. टार्च, पानी की बोतल, कपड़े
C. चादर, कपड़े, पानी की बोतल
D. टार्च, चादर, पानी की बोतल

निर्देश :- तालिका को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-

## स्वास्थ्य संबंधी टीकाकरण तालिका

शिशुओं के लिए

| क्र. | उम्र | टीके का नाम | बीमारियों से बचाव |
|---|---|---|---|
| **1.** | जन्म से 24 घंटे के भीतर (चिकित्सालय में) | बी.सी.जी.पी एवं हेपेटाइटिस-बी | टी.वी. या तपेदिक, पोलियो एवं पीलिया (हेपेटाइटिस-बी) |
| **2.** | डेढ़ माह पर | डी.पी.टी.-1हेपेटाइटिस-बी 1 तथा तथा ओपीव्ही 1 | डिफ्थीरिया,कालीखाँसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो |
| **3.** | ढाई माह पर | डी.पी.टी.-2 हेपेटाइटिस-बी 2 तथा ओपीव्ही 2 | डिफ्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो |
| **4.** | साढ़े तीन माह | डी.पी.टी.-3, हेपेटाइटिस-बी 3, ओपीव्ही 3 | डिफ्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस, पीलिया तथा पोलियो |
| **5.** | 9 माह से 12 माह तक | खसरे का टीका प्रथम, विटामिन ए की प्रथम खुराक | खसरा, रतौंधी |
| **6.** | 16-24 माह पर | डी.पी. टी. प्रथम बूस्टर तथा पोलियो बूस्टर | डिफ्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस तथा पोलियो |
| **7.** | 16-24 माह पर | खसरे की द्वितीय खुराक | खसरा |
| **8.** | 16 माह से 5 वर्ष तक | विटामिन ए की दूसरी से नौवीं खुराक, छः माह के अंतराल पर | रतौंधी |
| **9.** | 5 वर्ष | डी.पी.टी. द्वितीय बूस्टर | डिफ्थीरिया, काली खाँसी, टिटनेस में |

प्रश्न16. इनमें से कौन सा टीका केवल एक बार लगाया जाता है?

A. डी.पी.टी. B. ओपीव्ही

C. बी.सी.जी. D. हेपेटाइटिस बी.

प्रश्न17. तालिका के अनुसार सम्पूर्ण टीकाकारण के लिए बच्चों की आयु सीमा क्या है?

A. 9 से 12 माह तक B. 16 से 24 माह तक

C. 16 माह से 5 वर्ष तक D. जन्म से 5 वर्ष तक

प्रश्न18. काली खाँसी के लिए कितनी बार टीकों का प्रावधान है?

A. तीन बार B. चार बार

C. पाँच बार D. छह माह

प्रश्न19. शिशुओं के लिए टीकाकरण क्यों आवश्यक है?

A. सुन्दरता बढ़ाने के लिए B. जल्दी बड़ा करने के लिए

C. पौष्टिक आहार के लिए D. बीमारियों से बचने के लिए

प्रश्न20. विटामिन ए की कुल कितनी खुराक पिलाने का प्रावधान है?

A. 1 B. 4

C. 7 D. 9

निर्देश :- नीचे दिए गए कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -

एक कौआ था। उसे न तो अपना रंग पसंद था, न अपना रूप और न ही अपनी जाति इसलिए वह सदा दु:खी रहता था। घोंसले में आता तो वह अपनी मादा के साथ भी ठीक से बात न करता। कौए की मादा सोचती "मेरे कौए को क्या हो गया है?"

एक बार कौआ उड़ता–उड़ता जंगल में जा पहुँचा। वहाँ एक पेड़ की डाल पर विश्राम करने लगा। उस पेड़ के नीचे किसी मोर ने कुछ समय पहले पंख फैलाकर नृत्य किया था। मोर के कुछ पंख जमीन पर गिरे हुए थे। कौआ ने सोचा, "मोर के पंख लगा कर मैं भी मोर बन जाऊँ तो कितना अच्छा हो!"

कौआ फौरन पेड़ से नीचे उतरा। उसने मोर के पंख उठाकर अपनी पूँछ में लगा लिया। इसके बाद वह मोर की तरह चलने लगा। उसे लगा कि वह अब सचमुच में मोर बन गया है। अब कोई उसे कौआ नहीं कहेगा।

कुछ ही दूरी पर मोर चुगा चुन रहे थे। उसे देखकर एक मोर ने उससे पूछा "भैया! तुम कौन हो ? कहाँ से आ रहे हो?"

कौए ने जवाब दिया "मुझे नहीं पहचानते ? मेरा और तुम्हारा नहीं ननिहाल एक ही गाँव में है। हम दोनों मौसेरे भाई हैं।"

कौए की बात मोरों के समुदाय में फैल गई। इस मौसेरे भाई को देखने के लिए सभी मोर वहाँ आने लगे। कौए को देखकर सब सोचने लगे, "अरे ऐसा भी कहीं मोर होता है ? इसके कारण तो हमें ही शर्मिंदा होना पड़ेगा। जमीन पर गिरे हुए मोरपंख अपनी पूछ में लगा लेने से क्या कोई कौआ मोर हो सकता है ?"

फिर तो कई मोर कौए के चारों ओर जमा हो गए उन्होंने कौए की पूंछ में लगे पंख खींच लिए और अपनी चोंचों से उसे घायल कर वहाँ से भगा दिया।

कौआ निराश होकर अपने घोंसले से लौट आया। वहाँ उसकी मादा ने उसे घोंसले में घुसने नहीं दिया।
इस तरह कौआ मोर नहीं बन सका। इतना ही नहीं वह अपनी मादा का भी प्रिय नहीं बन पाया।

प्रश्न 21. कौआ दु:खी रहता था क्योंकि —

A. उसे मादा कौआ पसंद नहीं करती थी
B. उसे न तो अपना रंग पसंद था न रूप।
C. वह अकेला रहता था
D. दूसरे कौए उसे चिढ़ाते थे।

प्रश्न 22. कौआ ने मोर पंख क्यों लगाया-

A. मोर जैसा सुन्दर दिखने के लिए।
B. दूसरे कौओं को चिढ़ाने के लिए।
C. मादा कौआ को रिझाने के लिए।
D. अपनी कमजोरी छिपाने के लिए।

प्रश्न 23. 'मौसेरे भाई' का तात्पर्य है -

A. मामा का पुत्र।
B. चाचा का पुत्र।
C. मौसी का पुत्र।
D. बुआ का पुत्र।

प्रश्न 24. कौए को देखकर मोर -

A. प्रसन्न हुए
B. सत्कार करने लगे
C. सम्मान करने लगे।
D. नाराज होकर भगा दिए।

प्रश्न 25. इस कहानी से हमें सीख मिलती है-

A. दूसरों की बर्बादी में शामिल होना चाहिए।
B. ढ़ोंग करने वालों का सम्मान करना चाहिए।
C. अपनी बिरादरी में खुश रहना चाहिए।
D. अपनी बिरादरी में दुःख अनुभव करना चाहिए।

निर्देश :- नीचे दिए पोस्टर को देखकर प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए –




प्रश्न 26. पोस्टर में दिए गए चित्र किस बात को दर्शाते है। —

A. प्रकृति को मिटाने के लिए
B. प्रकृति को बचाने के लिए
C. प्रकृति से लेने के लिए
D. प्रकृति को देने के लिए

प्रश्न 27. विश्व पर्यावरण दिवस मनाने का उद्देश्य क्या हैं ?

A. प्रकृति से केवल लेने का भाव जागृत करना।
B. प्रकृति संरक्षण के प्रति जागरूकता लाना।
C. प्रकृति को दान के रूप में देखना।
D. प्रकृति को नष्ट करना।

प्रश्न 28. पर्यावरण संरक्षण किससे जुड़ा हुआ है ?

A. हाथ और पेड़ से
B. मिट्टी से
C. प्रकृति से
D. मनुष्य से

प्रश्न 29. विश्व पर्यावरण दिवस के महापर्व के अवसर पर हमारा क्या संकल्प होना चाहिए ? -

A. हम केवल प्रकृति की रक्षा करेंगे।
B. हम प्रकृति से दुगना लेंगे।
C. हम न केवल प्रकृति की रक्षा करेंगे। बल्कि उसे दुगना वापस भी करेंगे।
D. हम महापर्व को हर वर्ष मनाएंगे।

प्रश्न 30. प्रकृति संरक्षण के प्रयासों से क्या फर्क पड़ेगा ?

A. प्रकृति की रक्षा हो पायेगी
B. प्रकृति हमें दूगना देगी।
C. हम प्रकृति को दुगुना देंगे
D. प्रकृति समर्थ और दुनिया सुन्दर एवं जीने योग्य बनेगी।

निर्देश :- दिए गए सूचना पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-

ग्राम पंचायत भवन

ग्राम पंचायत घोटिया

तहसील पलारी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा

**सूचना**

**स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन**

आप सभी को अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया जाता है कि 2 अक्टूबर गाँधी जी की जयंती के अवसर पर ग्राम पंचायत भवन में निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। स्वास्थ्य परीक्षण स्वास्थ्य केंद्र पलारी के चिकित्सकों के द्वारा किया जाएगा। स्वास्थ्य परीक्षण हेतु इच्छुक व्यक्ति 01 अक्टूबर 2023 तक ग्राम पंचायत सचिव के पास अपना पंजीयन करवा दें।

स्वास्थ्य परीक्षण दिवस 02 अक्टूबर 2023 गाँधी जयंती

समय प्रातः 09 बजे से शाम 04 बजे तक

आयोजन स्थल- ग्राम पंचायत भवन, ग्राम पंचायत घोटिया

दिनांक 5 सितम्बर 2023-
स्थान - घोटिया

रागिनी
सचिव
ग्राम पंचायत घोटिया

प्रश्न 31. सूचना में दिए गए शिविर के लिए कौन-से व्यक्ति पंजीयन कराना चाहेंगे?

A. दांत रोगों से ग्रस्त व्यक्ति।
B. त्वचा रोगों से ग्रस्त व्यक्ति।
C. आँख संबंधी समस्याओं से ग्रस्त व्यक्ति।
D. सभी रोगों से ग्रस्त व्यक्ति।

प्रश्न 32. शिविर का आयोजन क्यों किया गया है?

A. पैसा कमाने के लिए।
B. लोगों की सेवा के लिए।
C. गाँधी जयंती मनाने के लिए।
D. प्रचार-प्रसार के लिए।

प्रश्न 33. स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आपकी भूमिका क्या हो सकती है?

A. जाँचकर्ता की।
B. आयोजनकर्ता की।
C. पंजीयनकर्ता की।
D. स्वयं सेवक की।

प्रश्न 34. नेत्र शिविर के आयोजन के लिए उचित निर्देश क्या हो सकते हैं?

1. पंजीयन के लिए जल्दी न करें।
2. कृपया पंक्ति बनाइए।
3. अपना पहचान पत्र लेकर आएँ।
4. पंजीयन कभी भी करा सकते हैं।

A. 1 एवं 3
B. 2 एवं 3
C. 3 एवं 4
D. 1 एवं 4

प्रश्न 35. शिविर का आयोजन किसके द्वारा किया गया है?

A. स्वास्थ्य केंद्र द्वारा
B. जनपद पंचायत द्वारा
C. जिला पंचायत द्वारा
D. ग्राम पंचायत द्वारा

निर्देश:- तालिका को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-

| क्र. | गाड़ी संख्या | गाड़ी का नाम | गाड़ी चलने को दिन | गाड़ी छुटने का समय | पहुंचने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 12267 | मुंबई सेंट्रल- अहमदाबाद एक्सप्रेस | सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार रविवार | 23.25 | 0.55 |
| 2. | 12268 | अहमदाबाद -मुंबई सेंट्रल- | सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार रविवार | 23.40 | 6:00 |
| 3. | 22201 | कोलकता सियालदह पूरी एक्सप्रेस | सोमवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार | 20.00 | 4.00 |
| 4 | 22204 | सिकंदराबाद- विशाखापत्तनम एक्सप्रेस | सोमवार, बुधवार, शनिवार, | 20.15 | 6.35 |
| 5 | 12426 | जम्मू तपि –चेन्नई सेन्ट्रल एक्सप्रेस | सोमवार, मंगलवार, बुधवार, गुरुवार, शुक्रवार, शनिवार रविवार | 19.40 | 5.05 |
| 6 | 12430 | नई दिल्ली –लखनऊ एक्सप्रेस | सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार, शनिवार रविवार | 20.50 | 6.40 |

प्रश्न 36. कोलकता-सियालदह पूरी एक्सप्रेस की गाड़ी संख्या क्या है?

A. 12430
B. 22201
C. 12267
D. 22204

प्रश्न 37. कौन सी गाड़ी सोमवार, बुधवार, शनिवार को चलती है ?

A. जम्मू तवि-चेन्नई सेन्ट्रल एक्सप्रेस
B. कोलकता सियालदह पूरी एक्सप्रेस
C. सिकंदराबाद- विशाखापत्तनम एक्सप्रेस
D. नई दिल्ली –लखनऊ एक्सप्रेस

प्रश्न 38. कौन सी गाड़ी 23.40 पर छुट कर 6.00 बजे अपने स्थान पर पहुँचती है ?

A. अहमदाबाद -मुंबई सेंट्रल- एक्सप्रेस
B. मुंबई सेंट्रल- अहमदाबाद एक्सप्रेस
C. नई दिल्ली –लखनऊ एक्सप्रेस
D. सिकंदराबाद- विशाखापत्तनम एक्सप्रेस

प्रश्न 39. नई दिल्ली- लखनऊ एक्सप्रेस के छुटने का क्या समय हैं ?

A. 20.15
B. 20.00
C. 19.40
D. 20.50

प्रश्न 40. गाड़ी संख्या 12426 का चेन्नई सेन्ट्रल पहुँचने का क्या समय है?

A. 19.40
B. 20.15
C. 5.05
D. 4.00

निर्देश :- प्रस्तुत प्रसंग को पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -

जो अपने से बड़े को श्रेय देता हैं, उनकी संतानें भी उन्हें मान-सम्मान देने में कभी कोई कसर नहीं उठा सकती। .........यहाँ है एक उदाहरण "आप की सफलता का राज क्या है"

"मेरे पिताजी द्वारा दी शिक्षा। उन्होंने बचपन में जो मेरे चरित्र का निर्माण किया,......वही मेरी सफलता का कारण बना.........आज मैं भारत का राष्ट्रपति हूँ, तो पिताजी के कारण ही?"

"वह कैसे?"

"तो सुनो! एक बार पिताजी ने मुझे छोटी-सी कुल्हाड़ी लाकर दी। मैं अपने छोटे-छोटे हाथों से कुल्हाड़ी से खेलने लगा। खेल-खेल में ही, बड़े यत्न के साथ, मैंने एक आम का पेड़ काट डाला। शाम को पिताजी ने कटा हुआ पेड़ देखा। उन्हें बहुत क्रोध आया।"

पूछे बैठे - "किसने काटा?"

मैं डर गया। डर के मारे कांपने लगा। कांपते हुए बोला – "मैंने .....आप के बेटे ने। .....उन्हें आशा थी कि मैं मुकर जाऊँगा। पर ऐसा न हुआ।"

"मेरा साहस भर सच सुनकर वह बहुत खुश हुए। पिताजी ने मुझे गले से लगा लिया। बोले तुमने सच बोलकर मेरा मन जीत लिया है। भले ही ऐसा नुकसान किया जो कभी पूरा नहीं होगा..... चाहे कुछ भी हो जाए। बेटा! जीवन में कभी झूठ न बोलना"

"ऐसे थे मेरे पिताजी! मेरे जीवन में जो भी कुछ अच्छी बात है, वह मेरे पिताजी के उपदेशों व मार्गदर्शन के कारण ही है। यही मेरा सफलता का राज है।" डॉ. राजेंद्र प्रसाद, भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति ने बड़े गर्व के साथ बताया।

प्रश्न 41. चरित्र की शिक्षा मिलती है —

A. घर से। B. समाज से।
C. विद्यालये से। D. उपर्युक्त सभी से।

प्रश्न 42. राजेन्द्र प्रसाद अपनी सफलता का कारण मानते थे -

A. माता को। B. पिता को।
C. गुरु को। D. समाज को।

प्रश्न 43. बालक राजेन्द्र प्रसाद कांपने लगे थे।

A. पेड़ काटने के कारण। B. सच बोलने के कारण।
C. पिताजी की डांट के भय से। D. उपर्युक्त सभी से।

प्रश्न 44. 'बचपन' में प्रत्यय है -

A. ब। B. बच।
C. पन। D. न।

प्रश्न 45. इस कहानी से हमें शिक्षा मिलती है-

A. सत्यवादी बनने की। B. आज्ञा पालन की।
C. सफलता बनने की। D. चरित्रवान बनने की।

निर्देश :- नीचे दिए गए पोस्टर को देखकर प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए –




प्रश्न 46. क्या कभी साझा नहीं करें?

A. अपने कपड़े | B. अपना शैम्पू
C. अपना ब्रश या कंघी | D. अपना भोजन

प्रश्न 47. पोस्टर में दिखाई गई आदतें बच्चों को कैसे प्रभावित करेगी।

A. वह दिन भर व्यस्त रहेगा।
B. इन आदतों को अपना कर वह जीवन भर स्वस्थ रह पाएगा।
C. उसका बचपन स्वस्थ रहेगा।
D. वह दाँतों को दिन में दो बार ब्रश करने की आदत डाल पाएगा।

प्रश्न 48. अपने हाथों को साबुन और पानी से कब धोना चाहिए?

A. सोने से पहले | B. कपड़े पहनने से पहले
C. खाने से पहले शौच के बाद | D. कंघी करने एवं दाँत साफ करने के बाद

प्रश्न 49. नाखूनों के ट्रिमिंग और सफाई के लिए आमतौर पर सबसे अच्छा समय से कौन-सा हैं।

A. महीने में एक बार। | B. नहाने के समय।
C. सोने से पहले। | D. रविवार के दिन।

प्रश्न 50. दिए गए वाक्य में खाली स्थान की पूर्ति नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर करें ?

वाक्य – हमें रोज ताजे, साफ भले ही पुराने
................हो, का इस्तेमाल करना चाहिए

A. जूते | B. ब्रश
C. कंघी | D. कपड़े

निर्देश :- निम्नलिखित सूचना को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-

शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला कोलर, विकास खण्ड- अभनपुर जिला रायपुर

सूचना

शाला में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन-

शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं तथा छात्र-छात्राओं को सूचित किया जाता है कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी शाला में 14 नवम्बर 'बाल दिवस' के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसमें निम्न लिखित कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे-

1. सामूहिक लोक नृत्य
2. एकल लोक नृत्य
3. सामूहिक गान
4. एकल गान
5. नाटक मंचन
6. मूक अभिनय
7. वाधयंत्र की एकल प्रस्तुति
8. एकांकी का मंचन

सभी कक्षा शिक्षकों से अनुरोध है कि अपनी अपनी कक्षा के छात्र-छात्राओं से कार्यक्रम तैयार करवाएँ और कार्यक्रमों की सूची सांस्कृतिक प्रभारी, श्री रविशंकर को प्रदान करें।

दिनांक 02/11/2023

प्रधान पाठक
शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला
कोलर वि.ख. अभनपुर जिला रायपुर

प्रश्न 51. सांस्कृतिक कार्यक्रम में कौन-सी दो प्रतियोगिताएँ एकल और सामूहिक दोनों प्रकार की हैं?

A. नृत्य और नाटक
B. नृत्य और एकाकी
C. नृत्य और गायन
D. मूक अभिनय और गायन

प्रश्न 52. उन कार्यक्रमों का नाम बताइए जिनमें एक साथ एक से अधिक पात्र या प्रतिभागी भाग ले सकते हैं?

A. सामूहिक लोक नृत्य
B. एकल लोक नृत्य
C. एकल लोक नृत्य
D. मूक अभिनय

प्रश्न 53. विद्यालय में इसी तरह का आयोजन कौन -सा हो सकता है?

A. वार्षिक परीक्षा का आयोजन
B. खेल प्रतियोगिता
C. शाला समिति की बैठक
D. स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

प्रश्न 54. सामूहिक शब्द में मूल शब्द और प्रत्यय शब्दांश कौन-कौन है?

A. सामू + हिक
B. समूह + इक
C. सा + मूहिक
D. समूह + क

प्रश्न 55. सामूहिक और सांस्कृतिक शब्द में समानता का आधार क्या है?

A. पर्यायवाची होना

B. एक ही उपसर्ग का प्रयोग

C. एक ही प्रत्यय का प्रयोग

D. विलोम होना

निर्देश:- दिए गए कैलेण्डर पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए –

**माह- अगस्त 2023 (श्रावण-भाद्र पद)**

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | 2<br>पं.रविशंकर शुक्ल जयंती | 3 | 4 | 5 |
| 6 | 7 | 8 | 9<br>विश्व आदिवासी दिवस | 10 | 11<br>मिनीमाता पुण्यतिथि | 12 |
| 13 | 14 | 15<br>स्वतंत्रता दिवस | 16 | 17 | 18<br>सुभाष चंद्रबोस पुण्यतिथि | 19 |
| 20 | 21<br>नागपंचमी | 22 | 23 | 24 | 25 | 26<br>मदर टेरेसा जयंती |
| 27<br>स्वामी आत्मानंद पुण्यतिथि | 28 | 29<br>ओणम | 30<br>रक्षाबंधन | 31 | | |

प्रश्न56. 15 अगस्त को मनाया जाता है -

A. गणतंत्र दिवस

B. बल दिवस

C. संविधान दिवस

D. स्वतंत्रता दिवस

प्रश्न57. विश्व आदिवसी दिवस मनाया जाता है -

A. 11 अगस्त

B. 02 अगस्त

C. 9 अगस्त

D. 29 अगस्त

प्रश्न58. नागपंचमी होता है -

A. आषढ़ महीने में

B. श्रावण महीने में

C. कार्तिक महीने में

D. फागुन महीने में

प्रश्न59. सुभाष चंद्रबोस की पुण्यतिथि मनाई जाती है -

A. 18 अगस्त को

B. 11 अगस्त को

C. 27 अगस्त को

D. 26 अगस्त को

प्रश्न60. अगस्त 2023 में सर्वाधिक बार आया है-

A. सोमवार-मंगलवार | B. मंगलवार-बुधवार
C. गुरुवार-शुक्रवार | D. शनिवार-रविवार

निर्देश:- नीचे दी गई रिपोर्ट को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए –

**चरवाहे ने बच्चों को बचाया**

रायपुर 10 सितम्बर 2023। कहते हैं कि जाको रखे साइयों, मार सके न कोय। यह कहावत बैकुंठ रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ट्रैक पर खेल रहे दो बच्चों पर चरितार्थ हुई।

चंद्रशेखर और उसकी पत्नी रोशनी बैकुंठ रेलवे स्टेशन के पास एक छोटा सा चाय की दुकान चलाते हैं। सुबह उनके दोनों बच्चे, सात वर्षीय मुरारी और नौ वर्षीय विनोद रेलवे ट्रैक पर खेलने लगे। खेल में दोनों बच्चे इस कदर मग्न हो गए। उन्हें दूर से आती रेल का पता ही नहीं चला। वहीं पास में गोपाल गायों को चरा रहा था। जब उसने ट्रेन के हार्न की आवाज़ सुनी। तो बच्चों को वहाँ से हटने के लिए शोर मचाया, मगर बच्चों पर कोई प्रभाव नहीं हुआ। बच्चे अपने खेल में डूबे हुए थे। ट्रेन को नजदीक आते देख गोपाल ने अपनी जान की परवाह न करते हुए तेजी से भागकर एक बच्चे को ट्रैक से दूसरी तरफ धकेल दिया और एक बच्चे को गोद में लेकर दूसरी तरफ कूद गया। इसी दौरान ट्रेन तेज़ी से गुज़र गई। इस घटना को देखकर लोग अवाक रह गए। लोगों ने गोपाल को बहादुरी की प्रशंसा की।

प्रश्न 61. "जाको राखे साइयों, मार सके न कोय" इस कहावत का प्रयोग इस समाचार में किसके लिए किया गया है?

A. गोपाल के लिए। | B. चंद्रशेखर के लिए।
C. रोशनी के लिए। | D. मुरारी और विनोद के लिए।

प्रश्न 62. समाचार में 'चरवाहा' किसे कहा गया है?

A. चंद्रशेखर को। | B. मुरारी को।
C. गोपाल को। | D. विनोद को।

प्रश्न 63. दोनों बच्चों ने ट्रेन की आवाज़ क्यों नहीं सुनी?

A. दोनों बच्चों को कम सुनाई देता था। | B. ट्रेन की आवाज़ बहुत धीमी थी।
C. दोनों बच्चे खेल में मगन थे। | C. लोगों के शोर में ट्रेन की आवाज दब गई थी।

प्रश्न64. लोग हैरान क्यों हो गए?

A. गोपाल की कम उम्र के कारण। | B. बच्चों की लापरवाही के कारण।
C. ट्रेन की तेज आवाज के कारण। | D. दुर्घटना के टलने के कारण।

प्रश्न65. ट्रेन के गुज़रने से ठीक पहले क्या हुआ था?

A. गोपाल ट्रैक के दूसरी तरफ कूदा था। | B. गोपाल ने एक बच्चे को धकेला था।
C. लोगों ने गोपाल की प्रशंसा की थी। | D. गोपाल वहाँ से गुजरा था।

निर्देश- नीचे दिए गए विज्ञापन को देखें और प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए -




प्रश्न 66. यह विज्ञापन हमें क्या करने के लिए प्रेरित करती है।

A. लोगों से जुर्माना एकत्रित करना। B. गाँधी जी को याद करना।
C. स्वच्छता के लिए। D. पानी की बचत करने के लिए।

प्रश्न 67. निम्नलिखित में से गाँधी जी के कथन को छाँटिए -

A. "स्वच्छता ही सेवा है।"
B. "अगर ईश्वर को पाना चाहते है तो सफाई का विशेष ध्यान रखे।"
C. "खुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप देखना चाहते है।"
D. "साफ सफाई से मन की पवित्रता भी बढ़ती हैं।"

प्रश्न 68. रेल्वे परिसर एवं रेलगाड़ी में गंदगी फैलने पर कितने रूपये का जुर्माना हो सकता है

A. 5000 रूपये तक का B. 200 रूपये तक का
C. 1000 रूपये तक का D. 500 रूपये तक का

प्रश्न 69. क्या करने से जुर्माना हो सकता है ?

A. कूड़ेदान का प्रयोग करने से B. रेल परिसर में कूड़ा फेकने से
C. पानी का नल बंद करने से D. शौचालय का उपयोग करने से

प्रश्न 70. 'स्वच्छ भारत मिशन' का उद्देश्य क्या है?

A. केवल रेलगाड़ी को साफ सुथरा रखना। B. गाँधी जी के विचारों से सहमत होना।
C. भारत को स्वच्छ बनाना। D. भारत में शौचालय बनाना।

निर्देश:- नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए -

गांव में मुखिया के घर के बाहर घने पेड़ों की छाया थी। पेड़ों की छाया में कुर्सियों पर कुछ लोग बैठे हुए थे। उनमें आकाश नाम का 12 साल का एक लड़का भी था। वह अपने पिता के साथ आया था। उसी समय हवा चल रही थी, जिससे पेड़ों की पट्टियां टूट कर गिर रही थी। कुछ पत्तियां आकाश की गोद में भी गिरी| आकाश ने उन्हें देखा तो उठाकर थोड़ी दूर पर रख कचरे के डिब्बे में डाल दिया।

यह देखकर कुछ लोग हंस पड़े। उनमें से एक आदमी ने कहा "इन पत्तियों को डिब्बे में डालने की जरूरत नहीं है यहाँ और भी पत्तियां बिखरी पड़ी है अभी थोड़ी देर में सफाई वाला आएगा और इन्हें समेटकर ले जाएगा।"

अमर बोला – "हमें विद्यालय में यह सिखाया गया है कि अपना काम खुद करना चाहिए | यदि हम अपने हिस्से की सफाई स्वयं कर ले तो हमें किसी सफाई वाले का इंतजार नहीं करना पड़ेगा।" अमर का जवाब सुनकर वहाँ बैठे सभी लोगों ने उसकी बड़ी प्रशंसा की।

प्रश्न 71. लोग कहाँ बैठे थे ?

A. मुखिया के घर के बाहर
B. बगीचे में पेड़ों की छाया में
C. अमर के घर के बाहर
D. मुखिया के आंगन में

प्रश्न 72. पेड़ों से पत्तियां क्यों गिर रही थी ?

A. आकाश के गिरने पर
B. बारिश होने पर
C. हवा चलने पर
D. डाल को हिलाने पर

प्रश्न 73. रोज बिखरे पत्तों को समेटकर कौन ले जाता था ?

A. आकाश
B. सफाई वाला
C. मुखिया
D. नौकर

प्रश्न 74. आकाश को विद्यालय में सिखाया गया था -

A. अपना काम खुद करना।
B. अपना काम दूसरों से कराना।
C. सफाई वाले का इंतजार करना।
D. दूसरों की मदद करना।

प्रश्न 75. आकाश ने अपनी गोद में गिरे पत्तों का क्या किया ?

A. झाड़कर गिरा दिया।
B. कचरे के डिब्बे में डाल दिया।
C. समेटकर रख दिया।
D. नीचे फेंक दिया।

निर्देश :– तालिका को पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों के उतर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-

| लेखक | भाषा | विधा | अनुवाद | उपलब्धि |
|---|---|---|---|---|
| हेमदास | छत्तीसगढ़ी | व्यंग्य, कहानी | स्वयं द्वारा हिंदी में अनुवाद | 'छत्तीसगढ़ व्यंग्य श्री सम्मान' |
| देबू चौधरी | बांग्ला, अंग्रेजी | कहानी नाटक | कहानी का रशियन एवं स्पेनिश में अनुवाद | 'अंतर्राष्ट्रीय साहित्य पुरस्कार' एवं नाटकों पर फिल्मों का निर्माण |
| कल्पना गोस्वामी | असमिया, उड़िया | कविता, उपन्यास | कविताओं का हिंदी में अनुवाद | 'असमिया कथा गौरव पुरस्कार' |
| आविदा | अंग्रेजी, उर्दू एवं मराठी | निबंध, एकांकी | अनुवाद नहीं हुआ | 'राष्ट्रीय पुरस्कार' |

प्रश्न 76. किसके साहित्य रचना पर फिल्में बनी हैं ?

A. हेमदास
B. देबू चौधरी
C. कल्पना गोस्वामी
D. आविदा

प्रश्न 77. कहानी लिखने वाले लेखकों की सही जोड़ी हैं -

A. देबू चौधरी, कल्पना गोस्वामी
B. कल्पना गोस्वामी, आविदा
C. हेमदास, देबू चौधरी
D. देबू चौधरी, आविदा

प्रश्न 78. हेमदास किस भाषा के लेखक हैं ?

A. हिंदी
B. असमिया
C. अंग्रेजी
D. छत्तीसगढ़ी

प्रश्न 79. अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार पाने वाले साहित्यकार हैं ?

A. हेमदास
B. देबू चौधरी
C. कल्पना गोस्वामी
D. आविदा

प्रश्न 80. देबू चौधरी एवं कल्पना गोस्वामी के लेखन में क्या समानता है?

A. दोनों उपन्यासकार हैं।
B. दोनों सभी विधाओं पर लिखते हैं ।
C. दोनों अलग-अलग भाषाओं में लिखते हैं।
D. दोनों एक ही भाषा में लिखते हैं।

निर्देश:- नीचे दिए गए कैलेण्डर पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए –

**माह - जनवरी 2023**

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| नव वर्ष दिवस | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 छेरछेरा | 7 राजिम भक्तिन माता जयंती |
| 8 | 9 | 10 विश्व हिंदी दिवस | 11 | 12 स्वामी विवेकानंद जयंती | 13 | 14 मकर संक्रांति |
| 15 पोंगल | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 |
| 22 | 23 नेताजी सुभाष बोस जयंती | 24 | 25 राष्ट्रीय मतदाता दिवस | 26 गणतंत्र दिवस | 27 | 28 |
| 29 | 30 महात्मा गाँधी पुण्यतिथि | 31 | | | | |

प्रश्न 81. स्वामी विवेकानंद जयंती कब मनाई जाती है ?

A. 14 जनवरी B. 12 जनवरी
C. 26 जनवरी D. 30 जनवरी

प्रश्न 82. 05 फरवरी 2023 को कौन सा दिन होगा?

A. रविवार B. बुधवार
C. शुक्रवार D. शनिवार

प्रश्न 83. 10 जनवारी को कौन-सा दिवस मनाया जाता है?

A. विश्व योग दिवस B. विश्व साक्षरता दिवस
C. विश्व योग दिवस D. विश्व हिंदी दिवस

प्रश्न 84. महात्मा गाँधी की पुण्यतिथि कब मनाई जाती है ?

A. 02 अक्टुबर B. 14 नवम्बर
C. 15 अगस्त D. 30 जनवरी

प्रश्न 85. सूर्य मकर राशि में कब प्रवेश करता है ?

A. 13 जनवरी B. 14 जनवरी
C. 15 जनवरी D. 16 जनवरी

निर्देश:- नीचे दिए गए अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए-

स्वर्गीय श्री लालबहादुर शास्त्री अपने विनम्र स्वभाव और मधुर वाणी के लिए प्रसिद्ध थे। प्रयाग में एक दिन उनके घर पर किसी नौकर से कोई काम बिगड़ गया। श्रीमती शास्त्री का क्रोध में आना स्वाभाविक था। उन्होंने नौकर को बहुत डाँटा और उसके साथ सख्ती से पेश आई। शास्त्री जी भोजन कर रहे थे। उन्होंने अपनी पत्नी से कहा- "अपनी जबान क्यों खराब कर रही हो, लो तुम्हें एक शेर सुनाऊँ -

कुदरत को नापसंद है सख्ती जुबान में।

इसलिए तो दी नहीं हड्डी जुबान में ||

प्रश्न 86. विनम्र स्वभाव के थे-

A. स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री    B. श्रीमती शास्त्री
C. शास्त्रीजी का नौकर    D. घर के सभी लोग

प्रश्न 87. किससे काम बिगड़ गया?

A. श्रीमती शास्त्री से    B. घर के नौकर से
C. शास्त्रीजी के लड़के से    D. शास्त्री जी से

प्रश्न 88. श्रीमती शास्त्री को क्रोध आने का क्या कारण था?

A. नौकर रोज नहीं आता था।    B. नौकर ईमानदार नहीं था।
C. नौकर से काम बिगड़ गया था।    D. नौकर बहुत गुस्सा करता था।

प्रश्न 89. किसने नौकर को बहुत डाँटा?

A. घर के सभी लोगों ने    B. शास्त्री जी की पत्नी ने
C. शास्त्री के बेटे ने    D. शास्त्रीजी ने

प्रश्न 90. शास्त्रीजी का निवास था-

A. दिल्ली में    B. वाराणसी में
C. प्रयाग में    D. रायपुर में

निर्देश :- नीचे दिए गए अनुच्छेद को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर में सही विकल्प पर गोला लगाइए -

**अमित –**

मुझे बताने में बहुत खुशी हो रही है किस वर्ष मैं कुश्ती प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था लोगों को मेरा प्रदर्शन पसंद आया। कुश्ती में आए एक प्रसिद्ध पहलवान ने मुझे इसके दांव-पेंच सीखने की सलाह दी। मेरे माता जी को मेरी कुश्ती करना बहुत अच्छा नहीं लगता किंतु पिताजी मुझे प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने मुझे इस खेल में संबंधित एक सी.डी. और कुछ किताबें भी पढ़ने व देखने को दी है। एक दिन मैं भी पहलवान सुशील कुमार की तरह भारत का नाम रोशन करना चाहता हूँ इसलिए छुट्टियों में मैं कुछ भी सीखने रायपुर जाऊंगा।

**पिंकी-**

मुझे कहानी पढ़ने का शौक है मैं छोटी-छोटी कहानी भी लिख लेती हूँ। इस काम में मुझे बहुत मजा आता है। कहानी के बहाने मैं अपने मन की बातें भी औरों तक पहुँचती हूँ। विद्यालय से निकलने वाली पत्रिका में मेरी कई कहानियाँ छप चुकी है। मेरे शिक्षक तथा घर वालों ने मेरी सराहना की है। बड़ी होकर मैं लेखिका बनना चाहती हूँ। इस गर्मियों की छुट्टियों में मैं प्रेमचंद, शानी, मन्नू भंडारी, मोहन, राकेश आदि कहानीकारों की कहानी पढ़ना चाहती हूँ।

**सुमित-**

मुझे स्वादिष्ट खाना खाने का शौक है। रसोई घर में मैं प्रातः अपनी माँ का सहयोग भी करता हूँ। जिससे माँ की मदद करने के साथ-साथ मैं खाना बनाना भी सिखाता हूँ। मैं भविष्य में मास्टर शेफ बनना चाहता हूँ। इस कारण दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम, जैसे - रोटी और रास्ता, खाना खजाना, रसोईघर से मास्टरशेफ इंडिया इत्यादि को ध्यानपूर्वक देखता हूँ। मैं आपको एक और बात बताना चाहता हूँ। मेरी दीदी को मेरा रसोईघर में काम करना बिल्कुल पसंद नहीं है।

**सुनीता-**

मुझे गाने सुनना और गाना बेहतर पसंद है भविष्य में मैं एक अच्छी गायिका बनना चाहती हूँ इसलिए गायन की शिक्षा भी ग्रहण कर रही हूँ। मैं प्रतिदिन अभ्यास करती हूँ। मैंने रसोद बजाना भी सीखा है। मेरे पिता चाहते हैं कि मैं एक अच्छी रसोद-वादिका बनूँ। करीबी रिश्तेदार मुझे चिकित्सा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने की सलाह दे रहें हैं। लेकिन मैंने भी ठान लिया है कि मुझे तो गायिका ही बना है।

क्या बनना चाहते है ?

प्रश्न 91. माँ की मदद करने से सुमित को क्या लाभ होता है ?

A. खाना बनाना सीखता है। B. स्वादिष्ट भोजन मिलता है।
C. मजा आता है। D. आत्मसंतुष्टि मिलती है।

प्रश्न 92. इनमें से किसे पिता जी का प्रोत्साहन मिलता है ?

A. अमित B. सुनीता
C. सुमित D. पिंकी

प्रश्न 93. सरोदा बजाना किसने सीखा ?

A. पिंकी B. अमित
C. सुमित D. सुनीता

प्रश्न 94. बच्चों के बीच चल रहे संवाद का उद्देश्य है -

A. आपस में बातचीत। B. स्वंय को अच्छा बताना।
C. इच्छाओं का दमन। D. कैरियर चयन

प्रश्न 95. "नाम रोशन करना" मुहावरे का अर्थ है -

A. प्रकाश फैलाना। B. मेहनत करना।
C. आगे बढ़ना। D. प्रसिद्धि बढ़ाना।

निर्देश:- नीचे दिए गए कैलेण्डर पर आधारित प्रश्नों के उत्तर के सही विकल्प पर गोला लगाइए –

**नवम्बर 2023**

| रविवार | सोमवार | मंगलवार | बुधवार | गुरुवार | शुक्रवार | शनिवार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 1 छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस | 2 | 3 | 4 |
| 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 12 | 13 गोवर्धन पूजा | 14 पंडित जवाहर लाल नहरू जयंती | 15 भाई दूज | 16 | 17 | 18 |
| 19 छठ पूजा | 20 | 21 | 22 | 23 नामदेव जयंती | 24 गुरुतेज बहादुर शहीदी दिवस | 25 |
| 26 संविधान दिवस | 27 | 28 छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस | 29 | 30 | | |

प्रश्न 96. छत्तीसगढ़ राज्य दिवस की स्थापना हुई थी -

A. 14 नवम्बर को
B. 01 नवम्बर को
C. 19 नवम्बर को
D. 24 नवम्बर को

प्रश्न 97. 28 नवम्बर को मनाया जाता है -

A. छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस
B. नामदेव जयंती
C. बालदिवस
D. छत्तीसगढ़ी राजभाषा दिवस

प्रश्न 98. नवम्बर महिना होता है-

A. 30 दिनों का
B. 28 दिनों का
C. 31 दिनों की
D. 29 दिनों का

प्रश्न 99. बाल दिवस मनायी जाती है-

A. 13 नवम्बर को
B. 14 नवम्बर को
C. 26 नवम्बर को
D. 24 नवम्बर को

प्रश्न 100. गोवर्धन पूजा संबंधित है-

A. रक्षाबंधन पर्व से
B. दशहरा पर्व से
C. दीपावली पर्व से
D. होली पर्व से


## उत्तरमाला

| क्र. | उत्तर | | क्र. | उत्तर | | क्र. | उत्तर | | क्र. | उत्तर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | D. | | 34 | B. | | 67 | C. | | 100 | C. |
| 2 | C. | | 35 | D. | | 68 | D. | | | |
| 3 | D. | | 36 | B. | | 69 | B. | | | |
| 4 | C. | | 37 | C. | | 70 | C. | | | |
| 5 | B. | | 38 | A. | | 71 | A. | | | |
| 6 | B. | | 39 | D. | | 72 | C. | | | |
| 7 | C. | | 40 | C. | | 73 | B. | | | |
| 8 | A. | | 41 | D. | | 74 | A. | | | |
| 9 | A. | | 42 | B. | | 75 | B. | | | |
| 10 | B. | | 43 | D. | | 76 | B. | | | |
| 11 | B. | | 44 | C. | | 77 | C. | | | |
| 12 | D. | | 45 | A. | | 78 | D. | | | |
| 13 | A. | | 46 | C. | | 79 | B. | | | |
| 14 | B. | | 47 | B. | | 80 | C. | | | |
| 15 | C. | | 48 | C. | | 81 | B. | | | |
| 16 | C. | | 49 | B. | | 82 | A. | | | |
| 17 | D. | | 50 | D. | | 83 | D. | | | |
| 18 | C. | | 51 | C. | | 84 | D. | | | |
| 19 | D. | | 52 | A. | | 85 | B. | | | |
| 20 | D. | | 53 | B. | | 86 | A. | | | |
| 21 | B. | | 54 | B. | | 87 | B. | | | |
| 22 | A. | | 55 | C. | | 88 | C. | | | |
| 23 | C. | | 56 | D. | | 89 | B. | | | |
| 24 | D. | | 57 | C. | | 90 | C. | | | |
| 25 | C. | | 58 | B. | | 91 | A. | | | |
| 26 | B. | | 59 | A. | | 92 | B. | | | |
| 27 | B. | | 60 | B. | | 93 | D. | | | |
| 28 | C. | | 61 | D. | | 94 | D. | | | |
| 29 | C. | | 62 | C. | | 95 | D. | | | |
| 30 | D. | | 63 | C. | | 96 | B. | | | |
| 31 | C. | | 64 | A. | | 97 | D. | | | |
| 32 | C. | | 65 | B. | | 98 | A. | | | |
| 33 | C. | | 66 | C. | | 99 | B. | | | |

**कक्षा – 9 (Middle Level)** **विषय – हिंदी**

विद्यालय का नाम - ____________________________________________

विद्यार्थी का नाम - ____________________________________________


● केवल नीले या काले बॉल पाइंट पेन का उपयोग करें।
● स्याही या जेल पेन का उपयोग न करें।
1. ओ.एम.आर. शीट में उत्तर भरते समय गोलों को उसी प्रकार गहरा करें जैसा दर्शाया गया है।
उत्तर भरने का सही तरीका
उत्तर भरने का गलत तरीका
2. लिखे हुए उत्तर पर दोबारा कुछ न लिखे अन्यथा उसे गलत उत्तर मान लिया जायेगा।
3. कृपया ओ.एम.आर. शीट को मोड़े या फाड़े नहीं।

UDISE School Code

Student ID

Student's Id

Student's Aadhaar Number

Year of Admission

Section

Test Form

Social Group: SC 1, ST 2, OBC 3, GEN 4

CWSN: LD 1, VI 2, HI 3, S&LD 4, ID 5, OthD 6

Medium

Candidate's Signature

Invigilator's Signature

**Section B: - Responses to be filled by students**

| Q.no | Responses | Q.no | Responses | Q.no | Responses | Q.no | Responses |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | (A) (B) (C) (D) | 26 | (A) (B) (C) (D) | 51 | (A) (B) (C) (D) | 76 | (A) (B) (C) (D) |
| 2 | (A) (B) (C) (D) | 27 | (A) (B) (C) (D) | 52 | (A) (B) (C) (D) | 77 | (A) (B) (C) (D) |
| 3 | (A) (B) (C) (D) | 28 | (A) (B) (C) (D) | 53 | (A) (B) (C) (D) | 78 | (A) (B) (C) (D) |
| 4 | (A) (B) (C) (D) | 29 | (A) (B) (C) (D) | 54 | (A) (B) (C) (D) | 79 | (A) (B) (C) (D) |
| 5 | (A) (B) (C) (D) | 30 | (A) (B) (C) (D) | 55 | (A) (B) (C) (D) | 80 | (A) (B) (C) (D) |
| 6 | (A) (B) (C) (D) | 31 | (A) (B) (C) (D) | 56 | (A) (B) (C) (D) | 81 | (A) (B) (C) (D) |
| 7 | (A) (B) (C) (D) | 32 | (A) (B) (C) (D) | 57 | (A) (B) (C) (D) | 82 | (A) (B) (C) (D) |
| 8 | (A) (B) (C) (D) | 33 | (A) (B) (C) (D) | 58 | (A) (B) (C) (D) | 83 | (A) (B) (C) (D) |
| 9 | (A) (B) (C) (D) | 34 | (A) (B) (C) (D) | 59 | (A) (B) (C) (D) | 84 | (A) (B) (C) (D) |
| 10 | (A) (B) (C) (D) | 35 | (A) (B) (C) (D) | 60 | (A) (B) (C) (D) | 85 | (A) (B) (C) (D) |
| 11 | (A) (B) (C) (D) | 36 | (A) (B) (C) (D) | 61 | (A) (B) (C) (D) | 86 | (A) (B) (C) (D) |
| 12 | (A) (B) (C) (D) | 37 | (A) (B) (C) (D) | 62 | (A) (B) (C) (D) | 87 | (A) (B) (C) (D) |
| 13 | (A) (B) (C) (D) | 38 | (A) (B) (C) (D) | 63 | (A) (B) (C) (D) | 88 | (A) (B) (C) (D) |
| 14 | (A) (B) (C) (D) | 39 | (A) (B) (C) (D) | 64 | (A) (B) (C) (D) | 89 | (A) (B) (C) (D) |
| 15 | (A) (B) (C) (D) | 40 | (A) (B) (C) (D) | 65 | (A) (B) (C) (D) | 90 | (A) (B) (C) (D) |
| 16 | (A) (B) (C) (D) | 41 | (A) (B) (C) (D) | 66 | (A) (B) (C) (D) | 91 | (A) (B) (C) (D) |
| 17 | (A) (B) (C) (D) | 42 | (A) (B) (C) (D) | 67 | (A) (B) (C) (D) | 92 | (A) (B) (C) (D) |
| 18 | (A) (B) (C) (D) | 43 | (A) (B) (C) (D) | 68 | (A) (B) (C) (D) | 93 | (A) (B) (C) (D) |
| 19 | (A) (B) (C) (D) | 44 | (A) (B) (C) (D) | 69 | (A) (B) (C) (D) | 94 | (A) (B) (C) (D) |
| 20 | (A) (B) (C) (D) | 45 | (A) (B) (C) (D) | 70 | (A) (B) (C) (D) | 95 | (A) (B) (C) (D) |
| 21 | (A) (B) (C) (D) | 46 | (A) (B) (C) (D) | 71 | (A) (B) (C) (D) | 96 | (A) (B) (C) (D) |
| 22 | (A) (B) (C) (D) | 47 | (A) (B) (C) (D) | 72 | (A) (B) (C) (D) | 97 | (A) (B) (C) (D) |
| 23 | (A) (B) (C) (D) | 48 | (A) (B) (C) (D) | 73 | (A) (B) (C) (D) | 98 | (A) (B) (C) (D) |
| 24 | (A) (B) (C) (D) | 49 | (A) (B) (C) (D) | 74 | (A) (B) (C) (D) | 99 | (A) (B) (C) (D) |
| 25 | (A) (B) (C) (D) | 50 | (A) (B) (C) (D) | 75 | (A) (B) (C) (D) | 100 | (A) (B) (C) (D) |